
# डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

**गंगापुर सिटी ।** भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी द्वारा भारतीय जनसंघ एवं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का कार्यक्रम रविवार को सुबह 1० बजे जांगिड धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एस सी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू जाटव, जिला महामंत्री उदय सिंह गुर्जर, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धनसिंह मावई, महिला मोर्चा जिला संयोजक मंजू सिंघल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेश लोढी, नगरपरिषद उपसभापति वीरेंद्र पुजारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामसिंह खटाना, जिला मंत्री गिरधारी सोनी, पूर्व जिला महामंत्री जमनालाल वैष्णव, बजीरपुर मंडल अध्यक्ष नेमीचंद मीणा, आनंद गुप्ता रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर मंडल अध्यक्ष नवीन शर्मा द्वारा की गई।



डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का कार्यक्रम जांगिड धर्मशाला में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष दीक्षित द्वारा डॉ.मुखर्जी के राजनीतिक एवं सैद्धांतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि निश्चित रूप से देश की एकता अखंडता के दृष्टिकोण से एक देश में दो विधान, दो निशान का मजबूती से विरोध करने वाले और एक निशान और एक विधान के दृष्टिकोण से हैदराबाद, जम्मू-कश्मीर जैसे क्षेत्रों को भारत देश में मिलाने के लिए तटस्थता से अपने पक्ष को रखने का महत्वपूर्ण कार्य करने वाले व्यक्तित्व धनी थे।

उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हम सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दृष्टिकोण से सैद्धांतिक राजनीति को अपने जीवन मूल्यों में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष रामसिंह खटाना, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ.मुखर्जी को जनसंघ एवं भारतीय जनता पार्टी का कर्मठ कार्यकर्ता एवं राजनीति में सेवाभाव की भावना का पक्षधर बताया गया।

भाजपा विधानसभा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र ीय एवं प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों में 25 जून को कांग्रेस द्वारा तत्कालीन समय में इसी दिन संपूर्ण देश में आपातकाल लागू करने के संदर्भ में काला दिवस मनाने, पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से 6 जुलाई 2०24 से मानसूनी सत्र में प्रत्येक शक्ति केंद्र पर संपूर्ण जिले में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सैकडों की संख्या में पौधारोपण कार्यक्रम को आयोजित करने के बारे में चर्चा-परिचर्चा की गई। मीडिया प्रमुख शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मनमोहन बजाज, डॉ हेमंत शर्मा, दीपक सिंह नरूका, कमलेश महावर, धनेश शर्मा, संगीता बोहरा, प्रतिभा सोनी, दीपा गुप्ता, मीनाक्षी जादौन, बलबीर सोनी, गोपाल दीक्षित, विष्णु गुरुजी, पुरुषोत्तम शर्मा बजीरपुर, मिथलेश व्यास, ओमी कटारिया, भरत लाल मीणा, योगेन्द्र शर्मा, नरेश दुबे, विजय सिंह जादौन, महेश पाल जादौन, गोपाल गर्ग, नागी, वेदप्रकाश सोनवाल, मोहन शर्मा, रणजीत सिंह बना, श्याम मेंबर, रामबाबू शर्मा, विजय बोहरा, मुकेश जांगिड, रामभरोसी जांगिड, रामदुलारे जांगिड, साहित्य अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामचंद्र चतुर्वेदी बने समाज के अध्यक्ष

**भरतपुर ( निस )।** रविवार को चतुर्वेदी समाज ब्रजमंडल भरतपुर के जिला अध्यक्ष पद का चुनाव श्रीराम फार्म हाउस मैरिज गार्डन त्योंगा पर चुनाव अधिकारी प्रोफेसर मानवेंद्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी ने 11 सदस्यीय एक कमेटी का गठन किया। जिसका अध्यक्ष सेवा निवृत पुलिस उप निरीक्षक आनंद प्रकाश चतुर्वेदी को बनाया गया कमेटी ने सर्वसम्मति से रामचंद्र चतुर्वेदी ताखा को लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया। सर्व समाज ने कमेटी के इस निर्णय का ताली बजाकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामचंद्र चतुर्वेदी ने समाज को एकजुट करने, उन्नित प्रदान करने एवं सामाजिक कुरीतियों को संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष आनंद प्रकाश चतुर्वेदी, जगदीश चतुर्वेदी, अमरनाथ चतुर्वेदी, हरीश चतुर्वेदी, बालकिशन चतुर्वेदी, जगदीश चतुर्वेदी, पीतम चतुर्वेदी, ओम प्रकाश चतुर्वेदी, ललता चतुर्वेदी, दिनेश चतुर्वेदी, महेश चतुर्वेदी, भीकचंद चतुर्वेदी, भगवती चतुर्वेदी, सत्य प्रकाश चतुर्वेदी, शिवराम चतुर्वेदी, संतोष चतुर्वेदी, मोहित चतुर्वेदी, सुभाष चतुर्वेदी, रोशन लाल चतुर्वेदी, नत्था सिंह चतुर्वेदी, रिंकू चतुर्वेदी, आदि सैकडो की संख्या में समाज के बंधु उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बलिदान दिवस मनाया



**करौली( नि.स. )।** भाजपा शहर मंडल करौली द्वारा भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने की मुख्य अतिथि जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला,विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी,कार्यक्रम संयोजक सुरेश शुक्ला रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा डॉ.मुखर्जी के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुरुआत की इसी क्रम में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपतियों में से एक थे। बहुआयामी प्रतिमा के मालिक थे। उन्होंने देशभक्ति के कारण राजनीति में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि धीरेंद्र बैंसला ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन एक विचारधारा के लिए समर्पित रहा है। जम्मू-कश्मीर की जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हुई थी। यह दिन भारत वर्ष एवं भारतीय राजनीति के लिए एक काला दिन था। योगेश शर्मा ने कहा कि मुखर्जी ने नेहरू के सामने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था और कहा कि कोई कारण नहीं है कि आप अनुच्छेद 370 को लागू करें। इसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया और नारा दिया कि एक देश, दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। उन्होंने इस नारे के साथ सत्याग्रह किया। इस दौरान जिला मंत्री पुष्पेंद्र सैनी,महिला मोर्चा जिला संयोजक विद्या वैष्णव,सुमित भट्ट,पंकज अग्रवाल, मुकेश कुशवाहा,तरुण शर्मा,कपिल देव पाराशर,कपिल शर्मा,पंकज प्रजापत,पवन गुर्जर,मनीष सैनी,बनवारी लाल सैनी,पुष्पेंद्र सैनी,हेमू शर्मा, विष्णु प्रजापत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### कृषि महाविद्यालय भुसावर का दौरा किया

**भुसावर ( निस )।** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विष्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने 23 जून 2024 रविवार को कृषि महाविद्यालय भुसावर का सधन दौरा किया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि कुलपति ने कॉलेज स्टाफ की मीटिंग कर महाविद्यालय की प्रगति की जानकारी ली। डॉ. बलराज सिंह ने महाविद्यालय भवन निर्माण को मौके पर देखा तथा ठेकेदार को जुलाई तक अकादमिक भवन, कैंटीन व छात्रावास पूर्ण करने के निर्देश दिये ताकि जुलाई से शुरू नये सत्र मे कक्षाऐं नये भवन मे चलायी जा सकें। कुलपति ने कलमीबाग व सैंधली फार्म का अवलोकन किया तथा फार्म मे उडद, ग्वार व मूंगफली के बीजोत्पादन के निर्देश दिये ताकि स्थानीय किसानो को उन्नत बीजो का लाभ मिल सकें। डॉ. उदय भान सिंह ने प्रयोगशाला व फार्म विकास हेतु अतिरिक्त बजट की मांग की जिसे प्रोफेसर बलराज सिंह ने तुरन्त उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कुलपति ने निर्माणधीन भवन के सामने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होने कॉलेज स्टाफ को निर्देश दिया कि विद्यार्थियो के लिए अच्छी शिक्षण व्यवस्था के साथ स्थानीय किसानो की समस्याओ का समाधान करना कॉलेज के वैज्ञानिको की जिम्मेदारी है। अत: वैज्ञानिक किसानो से मिले व उनसे संवाद स्थापित करें। इस अवसर पर डॉ. मोहित कुमार, डॉ. विनोद भटेश्वर, डॉ. प्रवीण हटवाल, डॉ. शंकर लाल यादव सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## 'पर्यावरण की रक्षा के लिए कम से कम दो दो पेड अवश्य लगाए'

**करौली ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया जा रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र के समापन समारोह में जिला संघ चालक देवी सिंह ने बालक बालिकाओं से आग्रह किया कि वह शिविर में सीखी हुई विधाओं को नियमित अभ्यास के माध्यम से दक्षता हासिल करें। सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में 17 मई से स्थानीय राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय मैं आयोजित किया जा रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का समापन जिला स्काउट गाइड भवन मैं धूमधाम से किया गया जिसके मुख्य स्थिति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक देवी सिंह बदनपुरा ने कहा की बालक बालिकाओं ने अपने ग्रीष्म आकाश के खाली समय के सदुपयोग कर दो-दो विधाओं को सीखा है उन्हें इनका प्रयास निरंतर रूप से करना चाहिए और उनमें दक्षता हासिल करनी चाहिए उन्होंने कहा कि प्रत्येक बालक बालिकाओं को स्वावलंबी बनने के लिए इस तरह की विधाएं सीखनी चाहिए उन्होंने भारत स्काउट गाइड संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह विगत 30 वर्षों से निरंतर रूप से बालक बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु इस तरह के अभिरुचि केंटो का आयोजन राजस्थान प्रदेश में कर रहा है।

## मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** अखिल भारतीय साहित्य मंच द्वारा श्री ब्राहमण धर्मशाला पर ब्राहमण सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा की अध्यक्षता में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप नारायण सक्सैना, गिरिजा शंकर शर्मा थे एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक गुप्ता, महावीर सरपंच खोंकर, श्याम सिंह जघीना, अनिल पीरनगर थे। कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित कर की। मॉ सरस्वती वंदना कवियत्री सुशील शर्मा ने की। अखिल भारतीय साहित्य मंच द्वारा भरतपुर के 5 वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान किया गया। कवि डॉ. लोकेश शर्मा ने:जब से गये हो, एक भी चिठ्ठी न तार है, गोपियों के चेहरे पर उदासी सवार है', नेकराम नेक ने 'हो सके तो इंसान को इंसान से जोडिये', सुघड सिंह सुग्गा ने 'नेता कौम किसलिये बनाई सब कौमों की चाम चबाई', श्याम सिंह जघीना ने 'मरूधरा पर लिखे हमने जीवन के स्वर', डॉ. अशोक गुप्ता 'मेरे लिए न श्रोता न कोई मंच है, लिखता तो हूँ पर ये सब प्रपंच है', भगवान सिंह भ्रमर ने 'आदमी से मोहव्वत करे आदमी', डॉ. कृष्ण कन्हैया ने 'मैं अपनी कपिता में आं्रसू और पीडा गाऊॅगा', ओमप्रकाश आजाद ने 'शीत में घटाओं से आती बूँद' सोचा सभी में स्वागत करेंगे आंखें मूंद', मिथलेश सिंघल ने 'गोविन्द चले आओ गोपाल चले आओ', कृषागी सोनी ने 'परवत कहता शीश उठाकर तुम भी ऊॅचे बन जाओ', सुशील शर्मा ने 'दिल में जख्म गहरे छुपाना सीख लो' एवं कवि राधाकृष्ण सैनी, मनमोहन अभिलाषी, लक्ष्मण चौधरी, राजेन्द्र अनुरागी, रेणुदीप गौड, आदि कवियों ने अपनी-2 कविता पढीं एवं दर्शकों ने खूब तालियां बटोरी। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिनमें जसवंत दारापुरिया, घनश्याम शर्मा, भोला शर्मा, संजय शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, मुकेश शर्मा, अशोक विंदल, संतोष, विनय कुमार, भगवान सिंह लोधा, लाल सिंह सरपंच वहताना, मनिका शर्मा, मंथिका शर्मा, हर्षवर्धन दुवे, ईशा शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।





## अग्रवाल समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

**गंगापुर सिटी ।** अग्रवाल समाज सेवा समिति उदई मोड के तत्वाधान में अग्र संचार नेट, राजस्थान का विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय कार्यक्रम अग्रसेन सेवा सदन उदई मोड में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम अग्रसेन जी महाराज एवं मां लक्ष्मी के समक्ष प्रांतीय अध्यक्ष सोहनलाल गुप्ता, पंकज गुप्ता अध्यक्ष अग्रवाल समाज सेवा समिति उदई मोड, वीरेंद्र गर्ग अध्यक्ष अग्रवाल सेवा सदन, संयोजक गिर्राज प्रसाद गुप्ता (रि.सहायक अभियंता) ने माला और दीप प्रज्जवलित कर किया। परिचय कार्यक्रम में हिंडौन सिटी, भरतपुर, करणपुर, बरनाला, भाडौती, टोडाभीम, बामनवास, करौली, सपोटरा, सवाई माधोपुर, नादौती, बोली, सपोटरा से अग्रवाल बंधु आए। सह संयोजक सुरेश चंद गुप्ता ने बताया अग्रबंधुओं की मांग पर अब प्रत्येक माह के रविवार को अग्रवाल विवाह योग्य युवक युवतियों के परिचय का कार्यक्रम अग्रसेन सेवा सदन उदई मोड में दोपहर 1 बजे से किया जायेगा। परिचय संबंधी सभी कार्य निःशुल्क ही रहेंगे, आप सभी अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों का बायोडाटा एक पेज में व्हाट्सएप नंबर 9413545399,9413924162, 998327528० पर प्रेषित कर सकते हैं, व्हाट्सएप पर आए हुए सभी बायोडाटा का पीडीएफ समय-समय पर उपलब्ध करवाया जाएगा। परिचय कार्यक्रम में सोहनलाल,पंकज गुप्ता अध्यक्ष अग्रवाल समाज सेवा समिति उदई मोड, वीरेंद्र गर्ग अध्यक्ष, अग्रसेन सेवा सदन, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, कृष्णानंद गुप्ता, दीपक गुप्ता, महेश चंद गुप्ता, मदन मोहन गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, गिरिराज प्रसाद गुप्ता एवं अन्य अग्रवाल बंधु उपस्थित हुए।





राजस्थान का विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय कार्यक्रम अग्रसेन सेवा सदन उदई मोड में आयोजित हुआ

## ठंडाई वितरण किया

**भरतपुर ( निस )।** सखी एन्जेल संस्था द्वारा ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को वैष्णो माता कोतवाली, भरतपुर पर भक्त जनों और वहां से गुजरने वाले राहगीरों, दुकानदारों को बडे मनुहार के साथ शीतल मिल्क रोज और ठंडाई वितरण किया। तेज गर्मी में शीतल मिल्क रोज और ठंडाई पाकर भक्तों, राहगीरों और दुकानदारों ने राहत महसूस की। अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने बताया कि इतनी गर्मी में शीतल मिल्क रोज और ठंडाई मिल जाये तो बहुत सुकून मिलता है, भीषण गर्मी को देखते हुए पानी की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में आंचल गर्ग, आशा अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल, चांदनी अग्रवाल आदि सखी एन्जेल के सदस्य मोजूद रहे। अन्त में सचिव मीरा गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 40 हजार रुपए का इनामी हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**करौली ( नि.स. )** करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में रेंज स्तरीय अभियान निर्भय के तहत हार्डकोर अपराधी,हिस्ट्री सीटर,आदतन अपराधी एवं विभिन्न अपराधों में वांछित चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध जिले में अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पुलिस ने हत्या के आरोप में फरार चल रहे 40 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात रहे की गत 6 मार्च को सदर थाना बयाना जिला भरतपुर में इंद्रराज सिंह पुत्र प्रेम सिंह गुर्जर निवासी बल्लूपुर थाना सदर करौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई की 5 मार्च को मेरा बेटा दौलत सिंह अपनी कार से जुंगीनपुरा से बारात लेकर दुर्गेषी गया था जहां से बारात छोडकर दौलत सिंह अपनी कार से अपनी बहन विमलेश के घर कारबाडी गांव आया था दौलत सिंह के साथ हमारा लोकेश पुत्र राजेंद्र गुर्जर भी गया था तब यह लोग विमलेश से मिलकर वापस शहीद स्थल पीलूपुरा पर आ गए जहां पर दौलत एवं लोकेश दोनों खडे थे तभी ही दोपहर 3:00 बजे के करीब कई गाडियों में हेतन गुर्जर, भैरो सिंह पुत्र बृजेंद्र गुर्जर,बृजेंद्र गुर्जर, खेमा पुत्र बृजेंद्र गुर्जर निवासी तिघरिया एवं उनके साथ 8-10 लोग और थे जिन्होंने शहीद स्थल पर खडे मेरे बेटे दौलत सिंह एवं लोकेश की आंखों पर पट्टी बांधकर दोनों को गाडियों में डालकर जंगल में ले गए वहां पर मेरे बेटे दौलत सिंह के साथ इन लोगों ने बुरी तरह मारपीट की एवं लोकेश के साथ भी मारपीट की लोकेश को उन लोगों ने धमकी दी की दौलत सिंह को तो हम जान से मार देंगे अगर तूने किसी को कहा तो तुझे भी मार देंगे फिर यह लोग मेरे बेटे दौलत सिंह व लोकेश को कार में डालकर वापस हिंडौन रेलवे ओवर ब्रिज के पास पटक गए और गाडी को भी वहीं छोड गए मेरे बेटे के हाथ में पहनी हुई सोने की अंगूठी एवं एक जंजीर को भी इन लोगों ने लूट लिया तथा हिंडौन से लोकेश अर्टिगा गाडी में मेरे बेटे दौलत सिंह को डालकर करौली अस्पताल लेकर आया जहां हम परिवार जनों को सूचना दी हम अस्पताल पहुंचे तो बेटे का शब्द मोर्चरी में रखा था देखने लायक यह है कि आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर गुर्जर समाज के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा कई बार गुडला गांव पर हिंडौन करौली सडक मार्ग जाम लगा चुके हैं।

## श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई

**डीग ( निस )।** रविवार को शहर के स्थानिय खण्डेलवाल धर्मशाला में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता एडवोकेट की अध्यक्षता में जनसंघ के संस्थापक स्वर्गीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते श्रद्धांजलि दी गई।

इस मौके पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने डॉक्टर मुखर्जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुखर्जी एक राजनेता के साथ ही चिंतक और विचारक भी थे। उनके द्वारा निर्मित नीतियां आज भी भारतीय जनता पार्टी की मूलभूत विचारधारा में शामिल है। धारा 370 हटाने के लिए एक देश एक विधान को लेकर उन्होंने पूरे देश में जन आंदोलन चलाया और उनके नेतृत्व में कश्मीर में हुए प्रदर्शन पर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

गोपाल इंदौलिया ने कहा कि हमको उनके त्याग, बलिदान और समर्पण से प्रेरणा लेनी है और उनके बताए हुए मार्ग पर चल कर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूती प्रदान करनी है। इस अवसर पर शहर मंडल महामंत्री इंद्रजीत सांखला, पार्षद दीपक सांखला, शक्ति केंद्र संयोजक सर्वेश अरोड़ा, जतिन गुप्ता, खेमचंद गुप्ता, सुरेश चंद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भारत विकास परिषद का दायित्व ग्रहण समारोह अयोजित

**करौली ( नि.स. ) ।** भारत विकास परिषद शाखा करौली का दायित्व ग्रहण समारोह भट्टा सर्किल स्थित भंवर विलास मैरिज गार्डन में अयोजित किया गया।

परिषद के जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक जब्बर सिंह ने परिषद जनों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संगठन की विशालता बरगद के वृक्ष की तरह होनी चाहिए ना कि ताड़ के पेड की तरह। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद के संगठन ने स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों पर चल कर वसुधेब कुटुंबकम की भावना के साथ समाज के सभी वर्गों की सेवा में अग्रणी रह कर सारे देश में अपनी पहचान बनाई है।

उन्होने परिषद के सदस्यों को अपनी जाति से अलग जाति के परिवार को सदस्य बना कर संगठन का विस्तार करने के सूत्र भी बताए। इसी क्रम में परिषद के रीजनल संयुक्त महासचिव डॉ. शिव मंगल, राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सदस्य हरि प्रसाद शर्मा, प्रांतीय महासचिव हेमन्त गर्ग, प्रांतीय महिला समन्वयक श्रीमती सरोज मंगल ने भी परिषद जनों को संबोधित किया।

परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी हरि प्रसाद शर्मा ने नवीन सत्र में निर्वाचित अध्यक्ष तुलसीदास दास गोयनका, सचिव कमलाकांत शर्मा कोषाध्यक्ष अरविन्द अग्रवाल एवम कार्यकारणी के सदस्यों सहित सभी प्रकल्प प्रभारियों को दायित्व ग्रहण करवा कर पद की शपथ दिलाई।इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व स्वामी विवेकानन्द के चित्र पट पर दीप प्रज्ज्वलन कर सामुहिक वन्दे मातरम गान से की गई।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह समय सिंह,विभाग बौद्धिक प्रमुख विपिन शर्मा, विद्या भारती के केसर सिंह नरूका विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चौरजी सिंह,यादव वाटी गौशाला के मंत्री गोविन्द सिंह सेंगर , अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बृजलाल गुप्ता,परिषद की हिंडौन की दोनों शाखाओं के पदाधिकारी,कार्यक्रम संयोजक गोविन्द लोहे वाले,सहसंयोजक राधेश्याम टैंट,सीताराम शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा,गोविन्द व्यास, गोविन्दशर्मा,नगेंद्र शर्मा,सहसचिव विजय गुप्ता, अखिलेश कंपाउंडर, डा गोविन्द गुप्ता, डॉ. सन्तोष गुप्ता, डॉ. शिवलहरी,कैलाश भगत, गोविन्द सर्राफ, धर्मेन्द्र सिंह,प्रकाश एकाउंटेंट,महिला समन्वयक सरला सेठी,गायत्री सर्राफ, विद्या भगत,मंजू गुप्ता,आदि सहित सभी सद्स्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शुचि सिंहल,योगेन्द्र सिंहल व राजेंद्र दीवान ने किया। समापन सामूहिक राष्ट्र गान के साथ किया गया।





करौली मे भारत विकास परिषद के दायित्व ग्रहण समारोह मे उपस्थित पदाधिकारी।

## प्रतिभाओ का किया सम्मान

**गंगापुर सिटी ।** श्री राजपूत करणी सेना की ओर से रविवार को सालोदा स्थित अर्जुन पैलेस में महाराणा प्रताप का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।


**ENGINEERING COLLEGE BHARATPUR HOSTEL**
(A Constituent College of Rajasthan Technical University, Kota)
Village-Shyorana, Near Sewar & National Highway-11, Bharatpur

क्रमांक : GECBH/HOSTEL/2024-25/02 दिनांक : 22.06.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर के छात्रावासों में मैस संचालन मय खाद्य सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी के लिए महाविद्यालय की बेवसाइट www.ecbharatpur.ac.in एवं कार्यदिवस पर महाविद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

-प्राचार्य

**कार्यालय नगर परिषद करौली ( राज. )**

क्रमांक: 895 **आपत्ती आमंत्रण सूचना** दिनांक: 02.06.2024

सर्वसाधारण एवं हितधारकों को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदकान द्वारा पटटा नामान्तरण/हस्तान्तरण/उपविभाजन हेतु पत्रावली प्रस्तुत की है।

अत: कोई भी व्यक्ति/संस्था/हितधारक उक्त पत्रावलियों /दस्तावेजों का अवलोकन करना चाहे अथवा कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तथा किसी भी आवेदक की पत्रावली के सम्बन्ध में कोई जानकारी चाहते हो, वह अन्दर अवधि 07 योग/ दिवस लिखित रूप में अपनी आपत्ति/उज्र इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है वाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति स्वीकार/समाहित नहीं की जावेगी तथा पटटा पटटा नामान्तरण/हस्तानान्तरण/उपविभाजन की अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

पटटा नामान्तरण/हस्तांतरण/उपविभाजन

| क्र. सं. | नाम आवेदक | खसरा न. | भू. सं. | पटटा संख्या | मूल / प्रारम्भिक पटटाधारी का नाम | साईज/ वर्गगज |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति शिमला रानी गुप्ता पत्नि श्री मदनमोहन गुप्ता | 5595 | 12 | 846/2006 | श्री झूमरलाल अग्रवाल एवं श्री राधेशम गुप्ता पुत्र श्री लोहरेलाल गुप्ता | 151.11 |
| 2 | श्री बासदेव प्रसाद शर्मा पुत्र श्री सुआलाल शर्मा | 5635 | 2बी 2बी/1 | 1321/ 08.10.2023 | श्रीकान्त गोपाल शर्मा पुत्र श्री सीताराम शर्मा | 101.11 |
| 3 | श्री शर्मा भूपेन्द्र महेश भाई पुत्र श्री महेश भाई मंगललाल शर्मा | 8319/ 2 | 04 | 929/ 10.07.2009 | श्री दिलीप जाटव पुत्र श्री कन्हेया जाटव | 141.66 |
| 4 | श्रीमति शीतल बेन पत्नि श्री महेश शर्मा | 8296 | 61 | 941/ 12.01.2010 | श्रीमति पिंकी धोबी पत्नि श्री डालचन्द धोबी | 130.00 |

आयुक्त
नगरपरिषद करौली

